डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक 313/पत्रा0सं0– 504 टी0सी0–02/डा.श.मि.रा.पु.वि./2022–23, लखनऊ दिनांक 16 मार्च, 2023

//कार्यालय–ज्ञाप//

विश्वविद्यालय में विभिन्न सकायों/विभागों द्वारा समय–समय पर शैक्षिक गतिविधियों के अन्तर्गत यथा संगोष्ठी, सेमिनार, कार्यशाला एवं अन्य शैक्षणिक आयोजन किये जाते हैं, जिसके सुलभ संचालन हेतु कार्यालय स्तर पर व्यवस्थाओं/माँग के अनुरूप आपूर्ति को ससमय पूर्ण किया जाना होता है।

प्रायः देखा जा रहा है कि कतिपय संकायों/विभागों द्वारा संगोष्ठी, सेमिनार, कार्यशाला एवं अन्य शैक्षणिक आयोजन/गतिविधियों की सूचना मात्र 1–2 दिवस पूर्व एवं तत्काल उसी दिवस कार्यालय को मांग–पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है, जिस कारण आयोजन से संबंधित व्यवस्था/सामग्री को ससमय उपलब्ध कराने एवं फर्म को कार्य–आदेश प्रेषित करने में कठिनाई होती है।

अतः अपेक्षित है कि किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन हेतु सक्षम स्तर पर सैद्धांतिक सहमति प्राप्त किये जाने के उपरान्त न्यूनतम 05 कार्य दिवस पूर्व अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को सूचित करें, जिससे कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समस्त व्यवस्थायें अपेक्षानुरूप ससमय की जा सके।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्षगण।
3. कुलानुशासक/परीक्षा नियंत्रक।
4. समस्त अधिकारीगण।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु/नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव